भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1326
उत्तर देने की तारीख: 22.09.2020

कलबुर्गी में स्थित कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय में खोले गए विभाग

1326. **श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत छह वर्षों के दौरान कलबुर्गी में स्थित कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय को वर्ष-वार कुल कितनी राशि प्राप्त हुई और खर्च की गई;

(ख) कलबुर्गी में स्थित कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय में कौन-कौन से विभाग खोले गए और कौन-कौन से विभागों को खोला जाना बाकी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कलबुर्गी में स्थित कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय से अवसंरचना के संबंध में क्या-क्या निवेदन किए गए हैं और उनकी स्थिति क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा पिछले छह वर्षों के दौरान प्राप्त राशि और किए गए व्यय का वर्ष–वार ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

(करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	जारी अनुदान	विश्वविद्यालय द्वारा यथासूचित किया गया व्यय
1.	2014-15	118.42	53.07
2.	2015-16	68.37	72.91
3.	2016-17	35.32	66.57
4.	2017-18	38.38	44.43
5.	2018-19	32.27	34.09
6.	2019-20	32.35	39.35
	कुल	**325.11**	**310.42**

(ख): विश्वविद्यालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलाबुरगी में खोले गए विभागों का विवरण **अनुबंध** के रूप में संलग्न है। विश्वविद्यालय, नए विभागों की स्थापना के लिए स्वीकृति प्राप्त होते ही उन्हें स्थापित कर सकते हैं।

(ग): फरवरी, 2020 में कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय को 7 अवसंरचना परियोजनाओं के सृजन के लिए एचईएफ़ए के अंतर्गत वित्तीय सहायता के रूप में 131.89 करोड़ रूपये की राशि की मंजूरी दी गई थी, जिनपर कार्य चल रहा है।

******

'कलबुर्गी में स्थित कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय में खोले गए विभाग' के संबंध में माननीय संसद सदस्य, श्री मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा दिनांक 22.09.2020 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं0 1326 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विभाग

स्थापना वर्ष	क्र. सं.	विभाग
2009	1	अंग्रेजी विभाग
	2	इतिहास विभाग
	3	मनोविज्ञान विभाग
	4	आर्थिक अध्ययन और योजना विभाग
	5	भूविज्ञान विभाग
2010	6	कन्नड़ विभाग
	7	वाणिज्य विभाग
	8	व्यवसाय अध्ययन विभाग
2011	9	हिंदी विभाग
	10	सामाजिक कार्य विभाग
	11	भूगोल विभाग
2012	12	भौतिकी विभाग
	13	गणित विभाग
	14	कंप्यूटर विज्ञान विभाग
2013	15	रसायनिकी विभाग
	16	इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग
	17	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग
2015	18	भाषाविज्ञान विभाग
	19	लोककथा और जनजातीय अध्ययन विभाग
	20	संगीत और ललित कला विभाग
2016	21	शिक्षा विभाग
2019	22	पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग
	23	जीवन विज्ञान विभाग
	24	पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग
	25	विदेशी भाषा विभाग

	26	लोक प्रशासन विभाग
	27	कानून विभाग

******